# राजस्व पर्षद, बिहार।

संख्या– 1/18-15/2014–

प्रेषक,

उप सचिव,

राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,

बिहार

पटना, दिनांक ..................

विषयः– जिला, अनुमंडल एवं अन्य मुफस्सिल कार्यालयों (कार्य विभाग सहित) के लिपिकों की द्वितीय अर्द्धवार्षिक 2013 एवं प्रथम अर्द्धवार्षिक विभागीय परीक्षा, 2014 का संयुक्त रूप से आयोजन।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि जिला, अनुमंडल एवं अन्य मुफस्सिल कार्यालयों (कार्य विभाग सहित) के लिपिकों की द्वितीय अर्द्धवार्षिक 2013 एवं प्रथम अर्द्धवार्षिक विभागीय परीक्षा, 2014 निम्नांकित कार्यक्रम के अनुसार संबंधित जिला मुख्यालय केन्द्र पर संयुक्त रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया हैः–

**विभागीय परीक्षा संबंधी सूचना/ कार्यक्रम**

| | | |
|---|---|---|
| (i) प्रथम पत्र (लेखा पुस्तक सहित) | प्रथम पाली | दिनांक– 11.04.2015 (शनिवार) (9 बजे पूर्वाह्न से 12 बजे दिन तक।) |
| (ii) द्वितीय पत्र (लेखा पुस्तक सहित) | द्वितीय पाली | दिनांक– 11.04.2015 (शनिवार) (2 बजे अपराह्न से 5 बजे अपराह्न तक।) |
| (iii) तृतीय पत्र (लेखा पुस्तक सहित) (वन विभाग के लिपिकों के लिए) | प्रथम पाली | दिनांक– 12.04.2015 (रविवार) (9 बजे पूर्वाह्न से 12 बजे दिन तक।) |
| (iv) तृतीय पत्र (लेखा पुस्तक सहित) (कार्य विभाग के लिपिकों के लिए) | प्रथम पाली | दिनांक– 12.04.2015 (रविवार) (9 बजे पूर्वाह्न से 12 बजे दिन तक।) |
| (v) चतुर्थ पत्र (लेखा पुस्तक रहित) (निबंधन विभाग के लिपिकों के लिए) | प्रथम पाली | दिनांक– 12.04.2015 (रविवार) (9 बजे पूर्वाह्न से 12 बजे दिन तक।) |

(vi) संबंधित समाहरणालय में विहित प्रपत्र में तीन रंगीन अभिप्रमाणित फोटो सहित आवेदन पत्र उचित माध्यम से समर्पित करने की अन्तिम तिथि– 24.03.2015 तक।

(vii) प्रवेश पत्र वितरण की तिथि– 06, 07 एवं 08 अप्रैल, 2015.

(viii) संबंधित जिला के प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा मुख्य सचिवालय स्थित राजस्व पर्षद, बिहार के कार्यालय में परीक्षा सामग्री (प्रश्न पत्र/ उत्तर पुस्तिका आदि) प्राप्त करने की निर्धारित तिथि 06 एवं 07 अप्रैल, 2015 है। निर्धारित तिथि को परीक्षा संबंधी सामग्री निश्चित रूप से प्राप्त कर ली जाये।

2– आवेदनकर्त्ता से कम्प्यूटरीकृत विहित प्रपत्र में नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज के तीन फोटो सहित आवेदन प्राप्त किया जाये, जिसका उपयोग आवेदन पत्र/ प्रवेश पत्र/ उपस्थिति पत्र आदि पर अनिवार्य रूप से किया जाये। विहित प्रपत्र में अभ्यर्थी के आवेदन में (i) नियुक्ति का वर्ष (ii) प्रथम परीक्षा में शामिल होने का वर्ष (iii) विगत तीन परीक्षाओं में शामिल होने का विवरण प्राप्त किया जाये।

3- परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की सूची, नाम/ पदनाम/ कार्यालय पता स्पष्ट अक्षरों में हिन्दी वर्णक्रम में तैयार किया जाये। रौल सीट प्रपत्र में परीक्षार्थियों द्वारा शामिल प्रत्येक पत्र में परीक्षा का स्तर अंकित किया जाय। अनुपस्थित परीक्षार्थी के नाम के सामने स्पष्ट अक्षर में अनुपस्थित दर्ज कर दिया जाये। उक्त नामावली में समेकित रूप से सभी पत्र में शामिल प्रतिभागियों की एक ही नामावली तैयार की जाये तथा रौल नं. लगातार आवंटित की जाये। आपके जिला को आवंटित रौल नं. के अनुरूप ही रौल नं. आवंटित करने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाय। (जिले को आवंटित रौल नम्बर की सूची संलग्न)

4- अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति कोटि के उम्मीदवार अपने नाम के सामने उत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति अवश्य अंकित करें, ताकि उन्हें प्राप्य छूट का लाभ मिल सके तथा नामावली में इसका उल्लेख किया जाये।

5- मानव संसाधन विकास विभाग/ गैर सरकारी विभाग के अंतर्गत कार्यरत लिपिकों एवं वैसे कर्मियों, जिनके सेवा संवर्ग नियमावली में राजस्व पर्षद, बिहार द्वारा आयोजित होने वाले जिला, अनुमंडल एवं अन्य मुफस्सिल कार्यालयों (कार्य विभाग सहित) के लिपिकों की विभागीय लेखा परीक्षा में सम्मिलित होने का स्पष्ट उल्लेख न हो, का आवेदन पत्र इस परीक्षा के लिए स्वीकार नहीं किया जाये।

6- संबंधित जिला के प्राधिकृत प्रतिनिधि/ विशेष दूत के माध्यम से ही उक्त परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की सूची इस कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दी जाये।

7- परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा के आयोजन हेतु विडियोग्राफी कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

**8- सभी परीक्षार्थियों को एक ही वर्णक्रम अंक संकलन पत्र अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति का उल्लेख करते हुए M.S. Excel में Kruti Dev 040 के Font में Entry कर कम्प्यूटराइज सीडी (संलग्न प्रपत्र के अनुसार) तैयार कराकर उत्तर पुस्तिकाओं के साथ निश्चित रूप से पर्षद को भेजी जाय।**

**अग्रसारण पत्र के साथ निम्न प्रमाण पत्र अंकित किया जाएः- "आवेदक के आवेदन पत्र एवं सी. डी. में की गयी प्रविष्टियों का मिलान कर लिया गया है। आवेदक के आवेदन पत्र के अनुसार सी.डी. में नाम/पदनाम/ पता/ जाति इत्यादि की प्रविष्टियों को सही पाया गया" परीक्षा प्रभारी पदाधिकारी का हस्ताक्षर।**

9- प्रथम अर्द्धवार्षिक विभागीय परीक्षा, 2013 का परीक्षाफल प्रकाशित हो चुका है। परीक्षाफल राजस्व पर्षद, बिहार के वेबसाईट http://boardofrevenue.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

10- उक्त परीक्षा हेतु समाचार पत्र के माध्यम से भी विज्ञप्तियां प्रकाशित की जा रही हैं।

विगत परीक्षाओं के दौरान ऐसा महसूस किया गया है कि उपर्युक्त क्रमांक- 8 के निर्देशों का अनुपालन अधिकांश जिलों द्वारा सही ढंग से नहीं किया जा रहा है। अतएव उक्त के अनुपालन पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाये।

विश्वासभाजन

ह0/-

उप सचिव

राजस्व पर्षद, बिहार।

ज्ञापांक - 1/18-15/2014-248 दिनांक 20-02-2015

प्रतिलिपिः- संबंधित सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार/ प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग/ पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित करने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

उप सचिव

राजस्व पर्षद, बिहार।

20/02/15

जिला का नाम-

राजस्व पर्षद, बिहार।

उपस्थिति पत्र

अभिप्रमाणित नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो

परीक्षार्थी का नामः .................................................. क्रमांक ..................................................

पदनामः .................................................. विभाग का नामः ..................................................

..................................................

परीक्षा के पत्र | परीक्षा की तिथि | परीक्षार्थी का हस्ताक्षर

प्रथम पत्र

द्वितीय पत्र

तृतीय पत्र (वन विभाग)

तृतीय पत्र (कार्य विभाग)

चतुर्थ पत्र

नोटः- वीक्षक प्रतिदिन अनुपस्थित परीक्षार्थी के संबंध में कालम-4 में अनुपस्थित लिखें।

केन्द्राधीक्षक का हस्ताक्षर एवं मुहर

..................................................

जिला का नाम-

बिहार सरकार

राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

जिला अनुमंडल एवं अन्य मुफस्सिल कार्यालयों (कार्य विभाग सहित) के लिपिकों की द्वितीय अर्द्धवार्षिक 2013 एवं प्रथम अर्द्धवार्षिक विभागीय परीक्षा, 2014

अभिप्रमाणित नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो

प्रवेश पत्र

परीक्षार्थी का नामः .................................................. पदनामः .................................................. .................................................. विभाग को दिनांक .................................. से प्रारंभ होने वाली क्रमांक.................................. के अन्तर्गत .................................................. स्थित परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाती है।

परीक्षा के पत्र | परीक्षा की तिथि

प्रथम पत्र

द्वितीय पत्र

तृतीय पत्र (वन विभाग)

तृतीय पत्र (कार्य विभाग)

चतुर्थ पत्र

सक्षम पदाधिकारी का हस्ताक्षर

D:\OFFICE DOCUMENT\EXAMINATION\Non_Gazetted Exam\Letter Draft for Non Gaz\Clerck exam form_28_29_2015.doc

जिला का नाम–

आवेदन पत्र का प्रपत्र

**राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।**

जिला, अनुमंडल एवं अन्य मुफस्सिल कार्यालयों (कार्य विभाग सहित) के लिपिकों की द्वितीय अर्द्धवार्षिक 2013 एवं प्रथम अर्द्धवार्षिक विभागीय परीक्षा, 2014

| अभिप्रमाणित नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो |
|---|

1. सरकारी सेवक का नाम/ श्री/ श्रीमती/ सुश्री ..............................................
   ..............................................................................................................
2. पदनामः ..............................................................................................
3. उक्त पद पर नियुक्ति का वर्ष एवं स्रोत ..................................................
   ..............................................................................................................
4. कार्यालय/ विभाग का नाम .........................................................................
5. उक्त पद पर पदग्रहण करने की तिथि ......................................................
6. प्रथम परीक्षा में सम्मिलित होने का वर्ष ..................................................
7. क्या आप पूर्व में आयोजित परीक्षा में असफल हुए हैं? अगर हां, तो किन–किन पत्रों में असफल हुए हैं, उल्लेख करें ..................................................................
8. परीक्षा के पत्र जिसमें आप सम्मिलित होना चाहते हैं, स्पष्ट रुप से उल्लेख करें।

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|

9. क्या आप अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति के सदस्य हैं:–
   यदि हां तो जाति का स्पष्ट उल्लेख करें तथा सक्षम पदाधिकारी से प्रमाण पत्र प्राप्त कर संलग्न करें।
10. विगत तीन परीक्षा में शामिल हुए हैं या नहीं, यदि हां, तो विवरणी दें ..........................
    (यथा रौल नं.– वर्ष– स्थिति)

**आवेदक का हस्ताक्षर एवं तिथि**

.............................................................................................................................

विभागीय प्रमाण–पत्र

1. प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक विभागीय परीक्षा में बैठने के लिए सक्षम हैं।
2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि
   श्री/ श्रीमती/ सुश्री.................................................. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति के सदस्य हैं। जो लागू न हो, उसे काट दें।

**विभागीय पदाधिकारी का**
**हस्ताक्षर एवं मुहर**

**नोटः–** आवेदक का पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ विभागीय पदाधिकारी/ नियंत्री पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित रहना अनिवार्य है।

D:\OFFICE DOCUMENT\EXAMINATION\Non_Gazetted Exam\Letter Draft for Non Gaz\Clerck exam form_28_29_2015.doc